एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

माधुरी दीक्षित स्टाइल में सान्या मल्होत्रा ने किया जबरदस्त डांस

बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में सान्या बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के स्टाइल में डांस करती नजर आ रही हैं. वीडियो में सान्या ने अपने अंदर छिपी माधुरी दीक्षित को बाहर निकाला है. सान्या खुद ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये वीडियो शेयर किया है. वीडियो के कैप्शन में सान्या ने कहा, हमको आजकल है इंतजार..डांस करने का क्योंकि पिछले कुछ समय से मैंने डांस नहीं किया है और मैं इसे मिस कर रही थी. सान्या इस वीडियो में माधुरी के सुपरहिट गाने हमको आजकल है इंतजार पर परफॉर्म किया है. आपको बता दें कि ये गाना साल 1990 में आई फिल्म सैलाब का है. सान्या ने इस गाने पर परफॉर्म करने के लिए एक पीले रंग का चोली-ब्लाउज ब्लू जीन्स के साथ पहना है. इस वीडियो को अब तक 3,94,759 व्यूज मिले हैं. सान्या मल्होत्रा के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इस पर उन्हें कई कमेंट्स भी मिले. एक्ट्रेस जरीन खान ने कमेंट करते हुए लिखा, क्यूटेस्ट. वहीं उनकी खास दोस्त फातिमा सना शेख ने दिल वाले इमोजी शेयर करत हुए उन्हें क्यूट बताया. इसके अलावा नुपुर सेनन, कुबरा सैत और गजराज राव ने भी उनकी इस वीडियो पर कई कमेंट किए. सान्या की इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, कुछ चीजें लीजेंड्री होती हैं. खुद को नुकसान मत पहुंचाओ.

कैटरीना ने लॉन्च किया अपना ब्यूटी ब्रांड

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ जल्द ही अपना ब्यूटी प्रोडक्ट ब्रांड लेकर आ रही हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इस ब्यूटी ब्रांड के बाई कैटरीना के नाम की अनाउंसमेंट की है. बुधवार को कैटरीना कैफ ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए अपने ब्रांड की एक झलक पेश की.

इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आखिरकार यह तैयार है, 22 अक्टूबर 2019 से यह उपलब्ध रहेगा. कैटरीना ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले ही ब्यूटी लाइन लॉन्च करने का सपना देखा था.

कैटरीना ने कहा, दो साल पहले मैंने ब्यूटी लाइन शुरू करने का सपना देखा था. आखिरकार आप सबके साथ इसे साझा कर उत्साहित महसूस कर रही हूं. अब इंतजार नहीं हो रहा है. केबायकैटरीना.

कैटरीना ने अपने ब्रांड के ब्यूटी के बारे में कहा, यह हाई ग्लैमर प्रदान करने के साथ देखभाल भी करता है. अगर काम की बात करें तो अभिनेत्री आगामी फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी.

इससे पहले वो सलमान खान के साथ फिल्म भारत में नजर आई थी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई नए रिकॉर्ड कायम किए थे.

सलमान खान और कैटरीना कैफ द्वारा अभिनीत इस फिल्म ने भारत देश के बाहर 10.71 मिलियन डॉलर यानि कि 75.99 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया. विदेशों में सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में जोया अख्तर की फिल्म गली बॉय भी शामिल है.

इसने भारत के बाहर कुल 10.25 मिलियन डॉलर यानि कि 72.73 करोड़ रुपये की कमाई की है.

चोटिल होने के बावजूद जैकलीन ने कर्मा गाने की शूटिंग की

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने चोटिल होने के बावजूद आगामी फिल्म ड्राइव के गाने कर्मा की शूटिंग की। यहां तक कि जैकलीन नेटफ्लिक्स के इस प्रोजेक्ट के गाने कर्मा की शूटिंग के दौरान सेट पर बेहोश तक हो गई थीं। इसमें अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी हैं। जैकलीन ने कहा, उस समय मैं बहुत सारी परियोजनाओं की शूटिंग के बीच में थी। मेरा पैर चोटिल था और मुझे इन सभी रिहर्सल में फिट होना था, जिसके लिए मुझे अच्छी-खासी हाई हील में शूटिंग करने की जरूरत थी और मेरे दोनों घुटने जवाब दे गए। जैकलीन एक्शन दृश्य की शूटिंग कर रही थीं और साथ ही डांस नंबर की तैयारी कर रही थीं और व्यस्त कार्यक्रम ने उनकी सेहत पर पानी फेर दिया। कर्मा की शूटिंग के दौरान, जैकलीन को कुछ स्टंट करने पड़े और चोटिल होने के बावजूद उन्होंने गाने पर डांस किया। उन्होंने सहजता के साथ हर स्टेप किया। फिल्म की पूरी यूनिट ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और निर्देशक तरुण मनसुखानी जैकलीन के समर्पण को देखकर बहुत प्रभावित हुए। अभिनेत्री ने कहा, हमने दो दिनों में गाने को शूट किया और हम उन दो दिनों में बहुत कुछ करने में कामयाब रहे। एक रात का शूट भी था, जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से नहीं कर पाई। लेकिन गाना जिस तरह से बना है, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं और मैं हर इस गाने को हर किसी के देखने का और इंतजार नहीं कर सकती। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित ड्राइव 1 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर लाइव होगी।